**खुलासा** | विजयराघवगढ़ पुलिस ने चार आरोपियों को किया गिरफ्तार, प्रेमिका ने रची थी हत्या की साजिश

# हत्या के बाद फांसी पर लटकाया गया युवक का शव



**नवभारत, कटनी।** जिले के विजयराघवगढ़ थाना अंतर्गत भैंसवाही गांव में एक युवक की हत्या के मामले का खुलासा पुलिस ने कर दिया है। हत्या के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को पकड़ा है। आरोपियों ने मिलकर पहले उसकी हत्या की और फिर हत्या का आत्महत्या का रूप देने के लिए उसके शव को पेड़ से फांसी के फंदे पर लटका दिया था।

विजयराघवगढ़ थाना प्रभारी तिरेश शर्मा ने बताया कि 27 अप्रैल को हरीश साहू ने रिपोर्ट लिखाई थी, जिसमें उन्होंने बताया था कि उनके पिता संतराम साहू (45) ने खेत की मेड़ पर लगे आम के पेड़ पर बिजली के तार से फंदा बनाकर सुसाइड कर लिया है। जिसके बाद सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने मर्ग कायम कर प्रकरण को जांच में लिया। इस बीच पोस्टमार्टम रिपोर्ट में जानकारी दी गई कि मृतक की नाक में गंभीर चोट के निशान है और साथ ही बिजली की तार को इतनी जोर से खींचा गया है उनकी श्वासनली दब गई। इसी वजह से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या किए जाने की पुष्टी के बाद हत्या का मामला दर्ज कर प्रकरण को विवेचना में लिया। विवेचना के दौरान पुलिस को मिले साक्ष्य के आधार पर गांव में रहने वाले पिंकी कोल को संदेह के आधार पर हिरासत में लिया गया। पुलिस द्वारा की गई पूछताछ में पिंकी ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। पिंकी ने पुलिस को बताया कि उसके और मृतक संतराम साहू के बीच प्रेम संबंध थे, जो बाद में विवाद का कारण बन गए। इसी रंजिश के कारण पिंकी ने अपने भाई और उसके साथियों के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची। आरोपियों ने योजनाबद्ध तरीके से संतराम साहू को अपने घर बुलाया। वहां पिंकी कोल ने ईंट से हमला कर संतराम की नाक और चेहरे पर गंभीर चोटें पहुंचाईं। इसके बाद पिंकी के भाई रवि कोल और उसके साथियों इत्तू भतरा और मोनू भतरा ने बिजली के लंबे तार को संतराम के गले में फंसाकर दोनों ओर से जोर से खींचा। दम घुटने से मौके पर ही संतराम की मौत हो गई, जिसके बाद आरोपियों ने इसे आत्महत्या दिखाने के लिए शव को पेड़ से लटकाने का प्रयास किया। पुलिस ने हत्या के आरोप में चारों आरोपी पिंकी कोल, रवि कोल, इत्तू भतरा और मोनू भतरा को गिरफ्तार कर लिया है।

आरोपियों को पकड़ने में थाना प्रभारी रीतेश कुमार शर्मा, एसआई अश्वनी यादव, एएसआई जगदीश पांडेय, महिला प्रधान आरक्षक चंदा ठाकुर, आरक्षक अंजनी झा, पप्पू प्रजापति, मज्जू कोल की भूमिका रही। पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डहेरिया और विजयराघवगढ़ एसडीओपी वीरेन्द्र धार्वे के मार्गदर्शन में की गई है।



# पुलिस कर्मियों पर एफआईआर की मांग, सौंपा ज्ञापन

**शादी समारोह में लाठी चार्ज करने का मामला**

**नवभारत, कटनी।** कुठला थाना अंतर्गत इंदिरा नगर में दलित समुदाय के वैवाहिक कार्यक्रम में किए गए पुलिस लाठीचार्ज के विरोध में शुक्रवार को अजाक्स और भीम आर्मी ने कलेक्ट्रेट के सामने प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने करीब एक घंटे तक मुख्य द्वार को घेरे रखा और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने ज्ञापन देकर लाठीचार्ज में शामिल पुलिसकर्मियों और उनके साथ आए सिविल ड्रेस वाले व्यक्तियों के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज करने की मांग की है। संगठनों ने दोषी कर्मियों को तत्काल बर्खास्त करने और घटना की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है। इसके अलावा पीड़ित पक्ष के राहुल चौधरी और अन्य पर दर्ज मुकदमों को खारिज करने की मांग भी की गई है।

प्रदर्शन की उग्रता को देखते हुए सीएसपी नेहा पच्चीसिया मौके पर पहुंचीं और प्रदर्शनकारियों से ज्ञापन लिया। उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। सीएसपी ने प्रदर्शनकारियों से कहा कि जांच में जो भी तथ्य और साक्ष्य सामने आएंगे, उसी आधार पर कार्रवाई की जाएगी। आपको बतादें कि 20 अप्रैल 2026 को इंदिरा नगर पहुंची बारात के दौरान विवाद की सूचना पर पहुंची पुलिस पर पथराव कर दिया गया। जिसके बाद पुलिस बल पहुंचा और फिर समारोह में मौजूद बाराती और घाराती दोनों पक्षों पर जमकर लाठियां भांजी। इस घटना में कई लोग घायल हुए थे, जिसके बाद से ही दलित संगठनों में आक्रोश व्याप्त है।

## एक नजर में

### अधिवक्ताओं ने सौंपा ज्ञापन

**नवभारत, कटनी।** जिले के ढीमरखेड़ा न्यायालय परिसर में एक अधिवक्ता और एक महिला के बीच हुए लेनदेन विवाद के बाद पुलिस कार्रवाई को लेकर अधिवक्ताओं ने मोर्चा खोल दिया है। नाराज अधिवक्ता संघ ने पुलिस कार्रवाई को एकतरफा बताते हुए थाना प्रभारी को राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है। अधिवक्ताओं ने एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की भी मांग की है। यह विवाद 23 अप्रैल को न्यायालय परिसर में शुरू हुआ था। जानकारी के अनुसार, महिला ने एक चोरी के मामले में जमानत कराने के लिए अधिवक्ता को पैसे दिए थे। जमानत न होने पर महिला अपने पैसे वापस मांग रही थी, जिसके बाद दोनों के बीच तीखी बहस हुई। मामला पुलिस तक पहुंचने पर जांच के बाद दोनों पक्षों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गई। इसी कार्रवाई से अधिवक्ता समुदाय में भारी असंतोष है, जिसे उन्होंने एकपक्षीय और द्वेषपूर्ण बताया है। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजेश प्यासी के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए गए हैं। अध्यक्ष ने कहा कि अधिवक्ता जयप्रकाश शुक्ला और राजेंद्र लोधी के खिलाफ की गई कार्रवाई अनावश्यक और निराधार है। अधिवक्ताओं का तर्क है कि स्वतंत्र और निष्पक्ष रूप से काम कर रहे अधिवक्ताओं को दबाने के लिए झूठे षड्यंत्र रचे जा रहे हैं। उनका आरोप है कि बिना विस्तृत जांच के सीधे एफआईआर दर्ज करने से अधिवक्ताओं में असुरक्षा की भावना पैदा हो रही है और पुलिस दबाव में काम कर रही है। ज्ञापन के माध्यम से अधिवक्ताओं ने शासन-प्रशासन से कई मांगें की हैं। इनमें दोनों अधिवक्ताओं के खिलाफ दर्ज एफआईआर को तत्काल निरस्त करना, न्यायालय परिसर की सुरक्षा के लिए 24 घंटे महिला व पुरुष पुलिस बल तैनात करना और प्रदेश में एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को तत्काल लागू करना शामिल है। उन्होंने यह भी मांग की है कि भविष्य में अधिवक्ताओं के विरुद्ध किसी भी शिकायत पर वरिष्ठ अधिकारियों की जांच के बिना एफआईआर दर्ज नहीं की जाए।

# हादसा स्थल पहुंचे एसपी, थाने का भी किया निरीक्षण

**घटना स्थल पर लिया गया भौगोलिक स्थित का जायजा**



**नवभारत, कटनी।** पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा बड़वारा थाना अंतर्गत ग्राम बसाड़ी मोड़ में हुए भीषण हादसे के घटनास्थल पहुंचकर घटनास्थल की भौगोलिक स्थिति और घटना के संभावित कारणों का जायज़ा लिया। इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने बड़वारा थाने पहुंचकर निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस कर्मचारियों से अलग-अलग संवाद कर उनकी कार्यप्रणाली और समस्याओं के संबंध में चर्चा की। पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना प्रभारी बड़वारा को पेंडिंग अपराधों के निकाल, अपराधों के निकाल, हिस्ट्रीशीटर गुंडा बदमाशों पर लगातार निगरानी और कार्रवाई करने, वीसीएनबी और सभी निर्धारित रजिस्टरों का उचित संधारण करने, फरियादियों और आगंतुकों से से बेहतर संवाद करने, सीएम हेल्पलाइन में की गई शिकायतों और समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। न्यायालय द्वारा जारी सभी समंसो, वारंटो की अधिक से अधिक तामीली करने। थाना परिसर को स्वच्छ रखने के निर्देश भी पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना प्रभारी केके पटेल को दिए गए हैं।

# शौचालय और पेशाबघर में गंदगी का अंबार, सफाई व्यवस्था पर उठे सवाल

**79 ग्राम पंचायतों में रखरखाव के अभाव में फैल रही गंदगी**



**नवभारत, बाकल।** जिले के बहोरीबंद जनपद पंचायत अंतर्गत निर्मित सामुदायिक स्वच्छता परिसर आज अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहे हैं। स्वच्छता को बढ़ावा देने और खुले में शौच की प्रवृत्ति को समाप्त करने के उद्देश्य से बनाए गए ये परिसर अब गंदगी, और बदबू का केंद्र बन गए हैं। जनपद क्षेत्र की लगभग 79 ग्राम पंचायतों में लाखों रुपए की लागत से सामुदायिक स्वच्छता परिसरों का निर्माण कराया गया था, ताकि स्थानीय ग्रामीणों और यात्रियों को स्वच्छ शौचालय सुविधा मिल सके। लेकिन जमीनी हकीकत इसके ठीक विपरीत नजर आ रही है। बाकल ग्राम में बने स्वच्छता परिसर की स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। यहां शौचालय और पेशाबघर में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। बदबू से परिसर में खड़ा होना भी मुश्किल हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि इन परिसरों में न तो नियमित सफाई होती है और न ही पानी की समुचित व्यवस्था है। पानी के अभाव में शौचालय उपयोग के लायक नहीं रह गए हैं, जिससे लोग मजबूरी में फिर से खुले में शौच जाने को विवश हैं। स्वच्छता परिसरों में फैली गंदगी और बदबू के कारण संक्रमण और जानलेवा बैक्टीरिया के पनपने का खतरा बढ़ गया है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, ऐसी स्थिति में डायरिया, त्वचा रोग और अन्य संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका बनी रहती है।

# समरस समाज के निर्माण में बुद्ध के उपदेशों पर चलने की आवश्यकता

**बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन**





**नवभारत, कटनी।** बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर भारतीय मज़दूर संघ ने एक विचार संगोष्ठि का आयोजन किया। संगोष्ठी में गौतम बुद्ध के जीवन के विभिन्न पहलुओं पर वक्ताओं के द्वारा विचार व्यक्त किए गए। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष और जबलपुर संभाग प्रभारी कमलेश पटेल ने गौतम बुद्ध के विभिन्न उपदेशों पर अपना उद्बोधन दिया। उन्होंने कहा कि आज जब समाज जातिगत ध्रुवीकरण की ओर बढ़ रहा है,ऐसे समय में समरस समाज के निर्माण पर बुद्ध के द्वारा दिए गए उपदेशों पर चलने की नितांत आवश्यकता है। बुद्ध समाज में प्रचलित जाति प्रथा और भेदभाव की व्यवस्था के विरोधी थे और जातिविहीन समाज के पक्षधर थे। उन्होने कहा कि आज हमारा देश विश्व की बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दहलीज पर है, ऐसे में सभी धर्म, पंथ, समुदायों के बीच समन्वय होना बहुत जरूरी हो गया है,तभी देश उन्नति की ओर अग्रसर हो सकेगा। आज जहां दुनियां में धार्मिक उन्माद मचा हुआ है ऐसे में गौतम बुद्ध के विचारों पर चलकर भारत दुनियां को शान्ति का संदेश देकर, नई ऊंचाइयों को छू सकता है। सरकार को चाहिए की बुद्ध के उपदेशों को पाठ्यक्रम में शामिल करे और इसका अधिक से अधिक प्रचार करे, तभी एक समरस समाज का निर्माण हो सकेगा।

हम विश्वगुरु के स्थान को हासिल कर सकेंगे। इस अवसर पर बीएमएस विभाग प्रमुख नागेंद्र सिंह, जिला मंत्री विनोद पटेल, सहजिला मंत्री श्रीकांत, उपाध्यक्ष नवीन तिवारी, राज सिंह, सुरेश राठौर, गजेन्द्र तिवारी, विजय सिंह ठाकुर, मुकेश गौतम सहित अन्य कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

# खरीदी केन्द्रों में सुविधा शुल्क लेने का लगा आरोप

**पोर्टल में एंट्री करने के बदले मांगे जा रहे रूपए**



**नवभारत, कटनी।** जिले के पड़ारिया गेहूं उपार्जन केंद्र पर किसानों से अवैध वसूली का मामला सामने आया है। आरोप है कि उपज को पोर्टल पर दर्ज करने के नाम पर कर्मचारियों द्वारा खुलेआम पैसे मांगे जा रहे हैं मामला ग्राम देवराखुर्द की किसान कलावती द्विवेदी से जुड़ा है। जानकारी के अनुसार केंद्र पर उनके करीब 30 क्विंटल गेहूं की तुलाई की गई थी। आरोप है कि इसके बाद पोर्टल पर एंट्री करने के लिए कर्मचारी ने 810 रुपए की मांग की। बताया जा रहा है कि पैसे लेने की इस पूरी प्रक्रिया का वीडियो भी बनाया गया है, जो अब सामने आने के बाद सवाल खड़े कर रहा है। पड़ारिया केंद्र में गेहूं खरीदी की जिम्मेदारी प्रियदर्शनी विपणन समिति के पास है। इस मामले के सामने आने के बाद समिति और कर्मचारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। किसानों का कहना है कि बिना सुविधा शुल्क दिए काम कराना मुश्किल है। खरीदी केंद्रों में किसानों को किसी तरह की परेशानी नहीं होने के निर्देश को दरकिनार किया जा रहे हैं।

# कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन, एफआईआर दर्ज करने की मांग

**मरीज की पत्नी से एंबुलेंस धुलवाने का मामला**



**नवभारत, कटनी।** जिला अस्पताल परिसर में एक घायल की पत्नी से एंबुलेंस धुलवाने के मामले में दो कर्मचारियों पर की गई बर्खास्तगी की कार्रवाई के बाद भी मामला शांत नहीं हो रहा है। दोषी कर्मचारियों पर एफआईआर दर्ज कराने की मांग को लेकर युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों ने सिविल सर्जन को ज्ञापन सौंपा है। युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों ने ने सिविल सर्जन को ज्ञापन सौंपकर दोषियों के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष मोहम्मद इसराइल ने आरोप लगाया कि सरकार एक ओर महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा की बात करती है, वहीं दूसरी ओर सरकारी संस्थानों में इस तरह की घटनाएं सामने आ रही हैं। उन्होंने इसे सरकार के दावों के खिलाफ बताया। सिविल सर्जन ने ज्ञापन स्वीकार करते हुए मामले की जांच कराने का आश्वासन दिया है। हालांकि अस्पताल परिसर में इस घटना सामने आना व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती है।

# सर्वर डाउन और तकनीकी खराबी से नहीं बुक हो रहे किसानों के स्लॉट

**ढीमरखेड़ा क्षेत्र के किसानों को हो रही परेशानी**



**नवभारत, ढीमरखेड़ा।** जिले के ढीमरखेड़ा क्षेत्र के ई-उपार्जन केंद्रों पर अव्यवस्था हावी हैं। कड़कती धूप और सर्वर की सुस्ती के कारण किसान अपनी मेहनत की फसल को कौड़ियों के दाम बेचने पर मजबूर हो रहे हैं। उपार्जन केंद्रों पर स्लॉट बुकिंग की व्यवस्था ठप्प हो गई हैं। घंटों कतार में लगने के बाद किसानों को सर्वर डाउन या पोर्टल में तकनीकी दिक्कत के कारण स्लॉट बुकिंग नहीं हो रही है। जिन किसानों की बुकिंग हो भी गई है, उनके लिए मुसीबतें कम नहीं हुई हैं। वे केंद्रों पर डेरा डाले बैठे हैं, लेकिन घंटों नहीं बल्कि कई दिनों तक उनकी फसल की तुलाई नहीं हो पा रही है। अप्रैल, मई की झुलसा देने वाली गर्मी में, जब तापमान 42 के पार जा चुका है, किसान खुले आसमान के नीचे अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। केंद्रों की अव्यवस्था के कारण किसान अब औने-पौने दाम पर बाजार में गेहूं बेचने को मजबूर हो रहे हैं। प्रशासन की तकनीकी लापरवाही का सीधा फायदा बिचौलियों को हो रहा है, जो किसानों की मजबूरी का फायदा उठा रहे हैं।

इतनी बड़ी अव्यवस्था के बावजूद शासन-प्रशासन के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही है। समय रहते तुलाई और स्लॉट बुकिंग की समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो किसान न सिर्फ आर्थिक रूप से टूट जाएगा, बल्कि शासन के दावों से उसका भरोसा हमेशा के लिए उठ जाएगा।

**अभियान** | यातायात का पालन कराने और नियम के उल्लंघन पर कार्रवाई करने का चलाया जा रहा अभियान

# शराब पीकर वाहन चलाने और ट्रिपल राइडिंग पर पुलिस ने काटे 236 चालान



**नवभारत, कटनी।** पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर सड़क दुर्घटना मे कमी लाने के उद्देश्य से हेलमेट नहीं पहनने वाले वाहन चालको के खिलाफ विशेष हेलमेट चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया, एसडीएम प्रमोद चतुर्वेदी, डीएसपी शिवा पाठक की उपस्थिति में थाना प्रभारी माधव नगर निरीक्षक संजय दुबे और यातायात पुलिस द्वारा बिलहरी मोड़ पर यातायात नियमो का उलंघ्घन कर रहे वाहन चालको पर चालानी कार्रवाई की गई। चेकिंग के दौरान विशेषकर नशे में वाहन चलाने, बिना नम्बर प्लेट, ट्रिपल रायडिंग, दो पहिया वाहन पर हेलमेट नहीं पहनने वाले वाहन चालकों और यातायात नियमो के उलंघ्घन करते हुए पकडे जाने पर चालानी कार्रवाई की गई। वाहन चैकिंग के दौरान नाबालिग बालकों व्दारा दो पहिया वाहन चलाते पाए जाने पर पुलिस द्वारा संवेदनशीलता दिखाते हुए उन्हें रोककर तत्काल उनके परिजनों को सूचित किया। मौके पर पहुंचे परिजनों को द्वारा सख्त लहजे में पुलिस द्वारा समझाइश दी गई कि नाबालिग बच्चों को वाहन देना कानूनन अपराध होने के साथ-साथ उनके जीवन के लिए भी अत्यंत जोखिम भरा है। पुलिस ने स्पष्ट किया कि अभिभावकों की यह लापरवाही किसी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है, लिहाजा भविष्य में बच्चों को वाहन नहीं देने की हिदायत देकर उन्हें छोड़ा गया। अधिकांशतः होने वाली सडक दुर्घटनाओ मे ज्यादातर वाहन चालक बिना हेलमेट के रहते है । दुर्घटना नियंत्रण के लिए विशेष अभियान के तहत वाहन चैकिंग, जागरूकता अभियान 26 अप्रेल से 10 मई तक चलाया जाएगा। पुलिस द्वारा सभी वाहन चालको से कहा गया है कि सभी यातायात नियमों का पालन करें। हेलमेट आवश्यकरूप से पहने, सीट बेल्ट पहने, अपने नाबालिग बालक और बालिकाओ का वाहन का उपयोग करने नहीं दें। शराब पीकर वाहन नहीं चलाएं। यातायात नियमो का उलंघन करने वाले वाहन चालको के विरूद्ध चालानी कार्रवाई के साथ-साथ लाईसेंस निलंबन की कार्रवाई भी की जाएगी। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं को कम करना और आम जनता को सुरक्षित यात्रा के लिए प्रेरित करना है। चालक नियमों के तहत ही वाहन चलाएं।

# समर्थन मूल्य पर 611 मीट्रिक टन खरीदा चना और मसूर

**नवभारत, कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देशानुसार रबी वर्ष में समर्थन मूल्य पर जिले में चना और मसूर का खरीदी कार्य जारी है। खरीदी के लिए जिले में स्थापित 6 केन्द्रों में अब तक 253 किसानों से 353.3 मीट्रिक टन चना और 138 किसानों से 257.8 मीट्रिक टन मसूर की खरीदी कर ली गई है। समर्थन मूल्य पर जारी उपार्जन नीति के अनुसार जिले में चना और मसूर का उपार्जन 28 मई तक किया जाएगा। जिले में चना के उपार्जन के लिए 4 हजार 624 जबकि मसूर के उपार्जन के लिए 1 हजार 619 किसानों के द्वारा पंजीयन कराया गया है। शासन द्वारा चना का समर्थन मूल्य 5875 रूपए प्रति क्विंटल और मसूर का 7 हजार रूपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। कलेक्टर आशीष तिवारी ने सभी पंजीकृत किसानों से निर्धारित समय में अपनी उपज का विक्रय करने के लिए कहा है। कलेक्टर ने किसानों से उपार्जन केन्द्रों पर फेयर एवरेज क्वालिटी का ही उपज लेकर आने के लिए कहा है।


धर्मलोक हॉस्पिटल
A unit of Dharmlok Hospital Pvt. Ltd.
AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED



डॉ. राजेश बत्रा
एम.एस., एफ.एम.ए.एस., एफ.आई.ए.जी.ई.एस., एफ.ए.आई.एस.
जनरल और लैप्रोस्कोपिक सर्जन

दूरबीन से पित्त की पथरी की सर्जरी, दूरबीन से अपेंडिक्स सर्जरी, दूरबीन से ओपन पेटकी सर्जरी, उन्नत तकनीक (स्टेपलर/लेटर) के फिस्टुला सर्जरी, स्तन सर्जरी, किडनी/ प्रोस्टेट/मूत्रालशय सर्जरी, मधुमेह पैर की देखभाल/सर्जरी, तीव्र और जीर्ण घाव प्रबंधन।

सामान्य एवं सिजेरियन डिलीवरी, अंडेदानी की गठान, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था, निःसंतानता, बच्चेदानी निकालना, सफेद पानी का इलाज, गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, बार-बार गर्भपात होना, पॉलिसिस्टिक ओवेरियन डिजीज/सिंड्रोम।



डॉ. हर्षा बत्रा
एमडी (ओबीजी)
सोनोग्राफी डिप्लोमा
स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन विशेषज्ञ

आयुष्मान कार्डधारी मरीजों का एवं हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड धारी मरीजों का निःशुल्क इलाज किया जाता है।
ओपीडी सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक
पता-आदर्श कालोनी रोड, कटनी (म.प्र.)
Ph. 07622-422390, 796084 Help line 24x7: 8305402024